भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1916
उत्तर देने की तारीख 16 मार्च, 2023
25 फाल्गुन, 1944 (शक)
जनजातीय समुदायों के बीच खेलों को बढ़ावा दिया जाना

1916 श्री नीरज डांगी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सरकार द्वारा चलायी जा रही खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत होने वाले युवाओं की संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने देश में जनजातीय समुदायों के बच्चों के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए कोई योजना बनाई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) विगत दो वर्षों में अब तक देश में विभिन्न खेलों में अवसर पाने वाले जनजातीय समुदायों के खिलाड़ियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) खेलो इंडिया स्कीम के 'प्रतिभा पहचान और विकास' घटक के अंतर्गत खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए) के रूप में 2550 एथलीट तथा "ग्रामीण और देशज/ जनजातीय खेलों का संवर्धन" घटक के अंतर्गत मलखंभ, क्लारिपयाट्टू, गटका और थांग-टा विधाओं में 283 मेडल विजेता लाभान्वित हुए हैं।

(ख) यह मंत्रालय जनजातीय क्षेत्रों सहित देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित स्कीमों को कार्यान्वित करता है :-

(i) खेलो इंडिया- राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम;
(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता;
(iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार;
(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
(v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
(vi) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय खेल कल्याण कोष;
(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और
(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

उक्त स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइटों पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

(ग) खिलाड़ियों का चयन उनकी क्षमता के आधार पर सभी समुदायों में से किया जाता है। तथापि, इस मंत्रालय की स्कीमों के अंतर्गत चिह्नित अधिकांश खिलाड़ी देश के ग्रामीण, पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों से हैं और विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत अनुमोदित मानदंडों के अनुसार उन्हें नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है इस मंत्रालय में समुदाय-वार विवरण नहीं रखा जाता है।

****